प्रादेशिक समाचार
दिनांक–30.03.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति आज पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव, पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और वैज्ञानिक एम एस स्वामी नाथन को मरणोपरांत तथा पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्णा आडवाणी को प्रदान करेंगी भारत रत्न।

- अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राजधानी रांची के  कई मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप में निकाय कर्मियों को शामिल करने का निर्देश।

- लातेहार के बारियातु  में एक वाहन से बाईस लाख रुपए बरामद, साहिबगंज के बड़हरवा में भी पिकअप वैन से तीन लाख रुपए मिले, अब तक तीस लाख रुपए हो चुके हैं जब्त।

- पलामू पुलिस ने दस साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार, ऑनलाइन बेटिंग एप्प के जरिए लोगों से करते थे ठगी।

- राज्य के कई हिस्सों में अगले 48 घंटे में तेज हवा और गरज के साथ बारिश की संभावना, लोगों को गर्मी से मिलेगी राहत।

*****************

राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में भारत रत्न पुरस्कार प्रदान करेंगी। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी.वी. नरसिम्हा राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और प्रख्यात वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन को मरणोपरान्त भारत रत्न दिया जाएगा। जबकि पूर्व उप–प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भी देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

*****************

राज्य की अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने कल राजधानी रांची के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराए जाने वाली न्यूनतम सुविधाओं का जायजा लिया।  उन्होंने बूथों पर शुद्ध पेयजल, बिजली, शौचालय और रैंप सहित अन्य कमियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप में  नगर निकाय के कर्मियों को भी शामिल करने को कहा। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का भी निर्देश दिया।

*****************

राज्य में लोकसभा चुनाव को लेकर जारी आदर्श आचार संहिता के मद्देनज़र  लातेहार जिले के बरियातू थाना क्षेत्र में चतरा और लातेहार की सीमा पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक कार से  इक्कीस लाख पंचानबे हज़ार रुपए बरामद किए। दूसरी तरफ साहिबगंज जिला के बड़हरवा थाना क्षेत्र में फुटानी मोड चेकनाका के पास पुलिस ने एक पिकअप  वैन से तीन लाख रुपए जब्त किए। इससे पहले 25 मार्च को भी लातेहार के मनिका में तीन लाख रुपये  और रामगढ़ के बरलंगा चेकनाका पर भी दो लाख रुपये जब्त किए गए थे। इस तरह अब तक करीब तीस लाख रुपए बरामद हो चुके हैं।

*****************

रामगढ़ जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए लगातार कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वीप के तहत कल विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल होने का आग्रह किया गया।

*****************

पाकुड़ में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाये जा रहे हैं।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

पलामू पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कल सदर थाना क्षेत्र के चियांकी स्थित एक मकान में छापेमारी कर दस साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से तेईस मोबाइल फोन और आठ कंप्यूटर समेत कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स भी मिले। पुलिस ने बताया कि अलग–अलग जिलों के ये सभी साइबर अपराधी यहां रहकर ऑनलाइन बेटिंग एप्प के माध्यम से लोगों से ठगी करते थे।

*****************

धनबाद की उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा के नाम पर फेक व्हाट्सएप आईडी बनाने का मामला सामने आया है। साइबर अपराधियों द्वारा इस फेक आईडी के माध्यम से लोगों से पैसे की मांग की जा रही है। उपायुक्त ने इसकी जानकारी मिलने का बाद अधिकारियों और आम जनों से इस फेक व्हाट्सएप आईडी से किसी भी माध्यम से संपर्क नहीं करने तथा सतर्क रहने का आग्रह किया है।

*****************

पलामू जिले के भवनाथपुर प्रखंड के कनीय अभियंता द्वारा अपने निजी वाहन के नेम प्लेट में भावी मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार लिखे जाने का मामला सामने आया है। इस मामले का सत्यापन होने के बाद पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। इसके अलावा कनीय अभियंता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

*****************

संक्षिप्त खबरें

- जमशेदपुर के करनडीह में तीन दिवसीय ट्राइबल बुक फेयर का कल आगाज हुआ। यहां विभिन्न जनजातीय भाषाओं की पुस्तकों के अलावा उनके पारंपरिक वाद्य यंत्र और परिधानों का भी स्टॉल लगा है।
- जेपीएससी ने दस मार्च को आयोजित सिविल जज नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा का मॉडल उत्तर कुंजी जारी कर दिया है। अभ्यर्थी इसे लेकर चार अप्रैल तक आपत्ति और सुझाव दर्ज करा सकते हैं।
- रांची सदर अस्पताल के ओपीडी में कल होमियोपैथ क्लीनिक की शुरूआत हुई। यहां होमियोपैथिक दवाइयां भी जल्द उपलब्ध करायी जाएगी।

*****************

जमशेदपुर के एक कारोबारी की पत्नी की अपराधियों ने कल रात हत्या कर दी। अपराधियों ने कांदर बेड़ा और वेव इंटरनेशनल होटल के बीच इस घटना को उस वक्त अंजाम दिया, जब वे एक होटल से भोजन कर अपने वाहन से घर लौट रहे थे। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

******************

राज्य के कई हिस्सों में अगले अड़तालीस घंटे के दौरान तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान कहीं–कहीं वज्रपात की भी आशंका है। बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव की वजह से मौसम में यह बदलाव देखने को मिलेगा। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, पिछले चौबीस घंटे के दौरान पलामू और जमशेदपुर समेत कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। ऐसे में बारिश होने पर लोगों को चिलचिलाती गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

******************

आईपीएल में कल कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चौलेंजर्स बंगलुरु को सात विकेट से हरा दिया। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने विराट कोहली के 83 रनों की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 182 रन बनाए। जवाब में, कोलकाता ने केवल 16 ओवर और 5 गेंदों में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

******************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य के अधिकांश अखबारों ने गिरिडीह लोकसभा सीट से आजसू के चंद्र प्रकाश चौधरी और गांडेय विधानसभा से भाजपा के दिलीप वर्मा को प्रत्याशी बनाये जाने से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर लिया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–रांची से फ्लाइटें घटी अब रोजाना केवल 25 फ्लाइटें, गोवा और लखनऊ के लिए सीधी सेवा बंद।

प्रभात खबर ने लिखा है–चार हजार तक में मिल रही नर्सरी की किताबें, आठवीं की तो आठ हजार से पार।

दैनिक हिंदुस्तान ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी द्वारा आज चार्जशीट दायर किये जाने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक जागरण ने लिखा है–जिंदगी आसान बनाने को हो रहा एआई का इस्तेमाल।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने भावी मुख्यमंत्री का बोर्ड लगाकर थार में चलते वाले जूनियर इंजीनियर साहब शीर्षक से खबर को पहले पन्ने पर लिया है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने बिहार में कांग्रेस और राजद की बीच सीट शेयरिंग होने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

********************